## शहर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी, सड़कों में बिखरा कचरा



नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, शहर की सफाई व्यवस्था एक बार फिर पटरी से उतर चुकी है. रेमकी कम्पनी को कचरा उठाने के लिये लाखों का भुगतान किया जाता है. बावजूद इसके सड़को एवं गली मोहल्ले में कचरा बिखरा रहता है.**

शिकायत के बाद भी नही उठाया जाता, लगातार वार्ड पार्षद शिकायत करते रहते है. कचरा उठाने वाली कम्पनी की मनमानी चल रही है. इतना ही नही वार्ड में कचरा उठाने वाली गाड़ियां समय पर नही पहुंचती है. जबकि नगर निगम कमिश्नर डा. सौरभ सोनवणे ने कई बार सफाई को लेकर फटकार भी लगाई है. बावजूद इसके व्यवस्था में कोई सुधार नही हो रहा है. वार्ड 43 एवं 44 में कई जगह खुले में कचरा फेका गया है, जहा आवारा जानवर कचरे को फैला रहे है. इसी तरह वार्ड 32 में कचरे का ढेर लगा रहता है. वही वार्ड 4 में भी कई जगह सड़क पर कचरा फैला है. दरअसल लोग एक जगह कचरा फेंक देते है और जब गाड़ी नही पहुंचती तो आवारा मवेशी कचरे को फैला देते है. शहर में इस समय सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है. जगह-जगह कचरा देखने को मिल जाता है. शहर को साफ स्वच्छ बनाने के साथ बेहतर अंक लाने के प्रयास हो रहे है. बावजूद इसके कचरा उठाने वाली कम्पनी व्यवस्था को पलीता लगा रही है. अक्सर वार्ड के लोग और पार्षद कमिश्नर एवं अन्य अधिकारियों से शिकायत करते है तब कचरा उठाने वाले कर्मचारी पहुंचते है. उसके बाद कचरा उठता है.

# खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर नहीं लग पा रहा अंकुश

### टमस नदी से रेत का अवैध उत्खनन, बगैर टीपी के रेत का हो रहा परिवहन, बंद खदानों में होता है उत्खनन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, शासन के तमाम आदेश के बावजूद रीवा एवं मऊगंज में खनिज का अवैध उत्खनन और परिवहन नही रूक रहा है. लगातार राजस्व एवं वन भूमि को खोदा जा रहा है. इतना ही नही बंद पड़ी खदानो से अवैध उत्खनन हो रहा है जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है. खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही नही की जा रही है.**

बगैर टीपी रमन्ना के गिट्टी का अवैध परिवहन जिले एवं जिले से बाहर यूपी किया जा रहा है. ऐसा नही है कि विभाग को जानकारी नही है, अवैध गिट्टी परिवहन को लेकर दलाल सक्रिय है जो हर माह हिसाब-किताब देते है. यही वजह है कि कार्यवाही नही की जाती है. गौरतलब है कि बंद खदानो में



अवैध उत्खनन हो रहा है और यहा से निकाल कर पत्थर क्रेसरो में पहुंचाया जाता है. चोरहटा से रतहरा बाईपास का चौड़ीकरण करने वाली केसीसी कम्पनी ने कौआढ़ान के पास बंद खदान से अवैध उत्खनन किया. एक माह तक अवैध उत्खनन ग्रामीणो के विरोध के बावजूद जारी रहा. कई ट्रक भी पकड़े गये तब जाकर यहा से उत्खनन बंद हुआ. इसी तरह कई क्रेशर संचालक नौवस्ता क्षेत्र में अवैध उत्खनन करा रहे है. लेकिन कभी भी खनिज विभाग की टीम कार्यवाही करने नही पहुंचती है. रीवा और मऊगंज में खनिज माफिया खुलेआम पत्थर, मुरूम का अवैध उत्खनन कर रहे है. कार्यवाही न होने के वजह से खनिज माफियाओं के हौंसले बुलंद है. स्टोन क्रेशर से प्रतिदिन सैकड़ो ट्रक गिट्टी जिले के बाहर अवैध रूप से जाती है, रमन्ना टीपी नही काटी जाती. शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है यही वजह है कि गत वर्ष राजस्व लक्ष्य पूरा नही हुआ था रीवा से ज्यादा राजस्व मऊगंज को मिला था. कार्यवाही न होने के कारण जुर्माना की राशि नही मिल पाती और राजस्व लक्ष्य भी पीछे रह जाता है. इस बार भी राजस्व वसूली में रीवा की स्थित बेहद खराब है.

#### सीधी से आने वाली चोरी की बालू खपती है रीवा में

सीधी जिले से सोन नदी की बालू चोरी से रीवा पहुंचती है और यहा खपाई जाती है. बगैर टीपी-रमन्ना के रात में ट्रक पहुंचते है और रात में ही बालू के अड्डो पर गिराकर चले जाते है. ऐसा नही है कि खनिज और पुलिस को अवैध बालू की जानकारी नही है. सभी जगह सेटिंग के चलते कभी भी अवैध रेत के ट्रक नही पकड़े जाते है. सीधी के साथ-साथ शहडोल, रामनगर से भी अवैध रूप से बालू की खेप पहुंचती है. मऊगंज और रीवा में सीधी की रेत खपाई जाती है. उधर टमस नदी में कई जगह अवैध रेत की निकासी होती है. पटेहरा से लेकर त्योंथर तक अलग-अलग घाट बनाए गए है जहा पर मोटर पम्प लगाकर रेत की अवैध निकासी होती है. एक दिन पूर्व जवा पुलिस ने बगैर टीपी के दो ट्रक भी पकड़े थे जो रेत लेकर जा रहे थे.

## उप मुख्यमंत्री ने व्हाइट टाइगर सफारी का किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुंदपुर का भ्रमण कर वन्य प्राणियों के लिये वाडों से निर्माण की प्रगति तथा जू की व्यवस्थाओं की जानकारी ली.**



उन्होंने वाक इन एवियरी रेप्टाइल हाउस का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने जू के नवीन मास्टर प्लान के लेआउट, टाइगर ब्राीडिंग सेंटर के डीपीआर के अनुसार केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली से अनुमोदन एवं वन्य प्राणियों के आदन-प्रदान के संबंध में समीक्षा की. निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, वन मण्डलाधिकारी मयंक चांदीवाल सहित जू के डायरेक्टर उपस्थित रहे.

## युवा उत्सव का आयोजन 12 एवं 13 को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, पंच प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी तक नई दिल्ली में 28 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा.**

इस दौरान विज्ञान मेला एकल, समूह लोक नृत्य में 10 तथा समूह लोक नृत्य गायन में 10, कविता, लेखन, भाषण, पेंटिंग तथा कहानी लेखन में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे. जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 12 नवम्बर को सुबह 9 बजे से स्पोर्टस काम्पलेक्स में किया गया है.

इसी तरह संभाग स्तरीय आयोजन 13 नवम्बर को स्पोर्टस काम्पलेक्स में आयोजित किया जायेगा. सभी से पहुंचने की अपील की गई है.

### संक्षिप्त

#### उप मुख्यमंत्री से राज्य मंत्री ने की सौजन्य भेंट



**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से उनके अमहिया स्थित निवास में प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम जी टेटवाल ने सौजन्य भेंट की. उल्लेखनीय है कि डॉ. टेटवाल स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये रीवा आये थे.

#### क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**रीवा.** वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय भैयालाल शुक्ला की पुण्य स्मृति में विंध्य एकता सामाजिक समिति के तत्वाधान से आयोजित आल इंडिया टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के 10 वा सीजन का शुभारंभ 10 नवम्बर से अवधेश प्रताप सिंह क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 8 :30 बजे से शुरू होगा. आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है. इस साल 16 टीमे जो पूरे देश से हिस्सा ले रही है मीडिया प्रभारी संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि आज पूल डी के 6 क्वालीफायर मुकाबले खेले जायेंगे. आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों से ज़्यादा से ज़्यादा तादात में आकर खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन करने की अपील की है.

#### प्रतिनिधि मंडल मिला उप मुख्यमंत्री और सांसद से



**रीवा.** कृषि महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डा एसके त्रिपाठी, डा़ रघुराज तिवारी एवं डा टीके सिंह प्रतिनिधि मंडल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं जनार्दन मिश्रा सांसद रीवा से शिष्टाचार भेंटकर करके उन्हें ज्ञापन देकर कृषि महाविद्यालय रीवा के अंतर्गत कुठलिया प्रक्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा अखिल भारतीय समन्वित फल अनुसंधान परियोजना वित्तपोशीत फल अनुसंधान केंद्र रीवा में 1980 से संचालित हैं. परंतु परियोजना समन्वयक (फल) बंगलौर द्वारा रीवा फल अनुसंधान केंद्र के अनुसंधान कार्य को बंद करने का आदेश पत्र प्राप्त हुआ है के विषय में जानकारी दिया जबकि यह विन्ध्य का एकलौता फल अनुसंधान केंद्र है. जिसे विशेष उपलब्धि के रूप में 2023 में जी आई टैग सुन्दरजा आम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित किया गया और यहां से उन्नत किस्म के फल के पौधों को कृषकों एवं संस्थानों को लगातार प्रदाय की जा रही है द्य जिससे विन्ध्य क्षेत्र में कृषकों के आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है. उप मुख्यमंत्री एवं सांसद रीवा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा की जाएगी.

#### नगर निगम का शिविर लगेगा आज

**रीवा.** नगर निगम द्वारा जोनवार विशेष शिविर का आयोजन 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया गया है. इस क्रम में 10 नवम्बर को जोन 01 अंतर्गत भुनेश्वर कालोनी, विद्याप्रकाश कालोनी, भारद्वाज कालोनी, सरजू कालोनी, जयदेव कालोनी, जागेश्वर कालोनी, भुवनेश्वर कालोनी, उर्मिला कालोनी हेतु पड़रा नई बस्ती सुआरन टोला में शिविर लगेगा. जोन 02 अंतर्गत उपवन नगर 1, उपवन नगर 2, उपवन नगर 3, सुन्दर नगर वार्ड 8 हेतु उपवन नगर में शिविर आयोजित होगा.



अटल पार्क में हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं

## हैप्पी स्ट्रीट का जोश, जुंबा की धुनों पर थिरके बच्चे-युवा और बुजुर्ग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में नगर निगम रीवा की टीम द्वारा आयोजित हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का उल्लासपूर्ण आयोजन हुआ.**



अटल पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का खास आकर्षण रही जुंबा प्रस्तुति, जिसमें प्रशिक्षकों की अगुवाई में सैकड़ों प्रतिभागियों ने ऊर्जावान संगीत पर व्यायाम करते हुए पूरी तरह आनंद लिया. इसके साथ ही टायर रेस और सैक रेस जैसे पारंपरिक खेलों ने एक नया जोश भर दिया. वहीं लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, चित्रकारी जैसी गतिविधियों ने भी सभी को खूब रोमांचित किया. निगम के बाल कौशल केंद्र के प्रशिक्षित बच्चों ने भी ताइक्वांडो प्रदर्शित कर अपने आत्मरक्षा के गुर दिखाए. कार्यक्रम के समापन पर उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम में सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती प्रीति रोचलानी आदि मौजूद रहे.

## नुक्कड़ नाटक द्वारा दिया गया बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का संदेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में ग्राम सिसवालाल विद्यालय में वंदे मातरम गायन के उपरांत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्रेरक एवं जनजागरूकता से भरपूर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य समाज में महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, तथा बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा. विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजेन्द्र खरे ने कहा कि बेटियाँ समाज की नींव हैं यदि उन्हें शिक्षा, सम्मान और अवसर मिले, तो वे परिवार और समाज दोनों को नई दिशा दे सकती हैं. सर्व सेवा सामाजिक उत्थान संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सिंह, सचिव रामनारायण मिश्रा, जीवनदास मिश्रा सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संदेश को जनसामान्य तक पहुँचाने की प्रेरणा दी. कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति, संवादों की प्रभावशीलता और भावनात्मक दृश्यों ने उपस्थित दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया.

## मारपीट में फरार आरोपी गिरफ्तार कई मामले का खुलासा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, बड़ीबाजी कर मारपीट में फरार आरोपी को अमहिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मोटर साइकल चोरी के कई मामलों का खुलासा भी हुआ.**

अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि चार माह से मारपीट मे फरार रितिक गुप्ता पिता शारदा गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी अर्जुन नगर अमहिया को गिरफ्तार किया गया. जिसने पूछताछ के दौरान मोटर साईकल चोरी व नकबजनी जैसे कुल 07 अपराध पूर्व में कारित करना स्वीकार किया. जिनमें सभी में थाना अमहिया मे अपराध दर्ज है तथा चोरी गए वाहन जो आरोपी द्वारा बेचने की फिराक में इधर उधर छिपाकर रखा जाता था तथा ग्राहक सेट ना होने से उसे कही भी शहर में रख दिया जाता था. जिस पर आरोपी से सभी मामलो मे पृथक पृथक पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया.



## प्रशिक्षु आरक्षको ने बस्ती में लगाया नि : शुल्क शिक्षा कैम्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन की प्रेरणा और उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु नवआरक्षक हरिओम वर्मा, आकाश वर्मा, और आसिफ खान ने ललपा बस्ती वार्ड 26 में एक नि:शुल्क शिक्षा कैंप का आयोजन किया.**

कैंप का उद्देश्य क्षेत्र के वंचित और पिछड़े बच्चों को शिक्षा प्रदान करना और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था. बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की गई, जिसमें हिंदी और अंग्रेजी वर्णमाला के साथ-साथ बड़े बच्चों को विज्ञान और गणित विषय आरक्षकों के द्वारा पढ़ाया गया. कैंप में कुछ बच्चों को चोट लगी हुई पाई गई, जिसकी मलहम पट्टी कर इलाज किया गया और उन्हें फर्स्ट ऐड के बारे में जानकारी दी गयी. कैंप का उद्देश्य ललपा बस्ती क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना और उनकी जरूरतों को पूरा करना था. पुलिस प्रशिक्षण शाला की तरफ से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस मित्र योजना, की यह पहल समाज के वंचित वर्गों के लिए एक सराहनीय प्रयास है. एडीजी, प्रशिक्षण राजा बाबू सिंह द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग की विभिन्न योजनाओं को प्रशिक्षण के दौरान ही आरक्षकों को सिखलाने का अत्यधिक प्रयास किया जा रहा है.

## न्यायिक जागरूकता मैराथन दौड़ के साथ लगाई गई प्रदर्शनी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर न्यायिक जगरूकता मैराथन एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान द्वारा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.**




यह दौड़ स्वामी विवेकानंद पार्क से प्रारंभ होकर शिल्पी प्लाजा होते हुए एडीआर भवन तक संपन्न हुई और विधिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई. इस दौरान नागरिको को विभिन्न विधिक सेवा, योजनाओं, उनके लाभ एवं न्याय तक पहुंच की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई. मैराथन दौड़ में न्यायाधीशगण, अधिवक्ता सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहे. प्रदर्शनी में पोस्टर, बैनर एवं पंपलेट के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से संबंधित जागरूकता सामग्री प्रदर्शित की गई.

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता लाने का प्रभावी माध्यम हैं. उन्होंने सभी से बाल विवाह, शोषण और अन्य सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया.

### हवाओ ने बढ़ाई ठंड

**रीवा, 9 नवम्बर,** जिले में तेजी के साथ ठंड बढ़ रही है. दिन के तापमान में गिरावट आने के बाद और दिन भर चली ठंड हवाओ ने दिन में भी ठंड बढ़ा दी है. रविवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहा और रात का न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री आका गया. जिले में कई जगह शीत लहर चलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. अगले सप्ताह से ठंड का असर और तेज होगा.

## जिले के 37 गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्र में होगी धान की खरीदी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, इस बार जिले में धान की अच्छी फसल थी लेकिन बेमौसम बारिश ने फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है. फिलहाल क्षति फसल का सर्वे चल रहा है.**

वही धान उपार्जन को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इस बार जिले के 37 गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रो में धान की खरीदी की जायेगी. इस बार कलेक्टर ने निर्देश दिये है कि किसान को खरीदी केन्द्र में धान देने के बाद तीन दिवस के अंदर भुगतान हो जाय ऐसी व्यवस्था बनाई जाय और गोदाम के बाहर धान की खरीदी होगी. इसके बाद गोदाम में भंडारण किया जायेगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है. सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए आवश्यक प्रबंध करें. किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ खरीदी केन्द्र में धान की तौल, सिलाई, परिवहन तथा भण्डारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें. खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज करें. खरीदी में किसी तरह की लापरवाही न हो.